## संक्षिप्त खबरें

### पेट्रोल पंप पर मारपीट का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार थाना क्षेत्र के पकड़ी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल पंप के कर्मचारी और ग्राहक से हुई जमकर मारपीट का वीडियो सोसल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि स्वतंत्र प्रभात अखबार वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। बताया जाता है कि पेट्रोल पंप कर्मचारियों द्वारा गैलन में कम तेल देने के आरोप में पेट्रोल पंप के कर्मचारी से मारपीट हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस मारपीट के मामले की जांच कर रही है।वायरल वीडियो आज का बताया जा रहा है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष हरेकृष्ण उपाध्याय ने बताया कि मामले की जानकारी है जांच की जा रही है।

### सांसद हेमा का वायरल वीडियो वर्ष 2024 का है: जनार्दन शर्मा

**सांसद प्रतिनिधि ने कॉरिडोर पर सांसद के बायन पर दी प्रतिक्रिया**

**प्रतिनिधि ने कहा कि सांसद रखती है ब्रजवासियों के प्रति श्रद्धा भाव**

**मथुरा।** इन दोनों सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा ठाकुर बांकेबिहारी कॉरिडोर के संबंध में दिया गया सांसद हेमा मालिनी का बयान चर्चा का विषय बना हुआ है। वायरल बयान में हेमा मालिनी कह रही हैं कि जो लोग बाके बिहारी मंदिर कॉरिडोर का विरोध कर रहे हैं वह बृज छोड़कर बाहर चले जाएं। इस बयान से कुछ बृजवासी के दिलों में ठेस लगी और उन्होंने सोशल मीडिया पर सांसद हेमा मालिनी को ट्रोल करना शुरू कर दिया तथा उन्हें बाहरी बताकर ब्रज छोड़ने का सुझाव दिया। चारों और से घिरती देख सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा ने मीडिया को सफाई पत्र जारी करते हुए कहा है कि सांसद हेमा मालिनी का जो वीडियो वायरल हो रहा है वह लोकसभा चुनाव 2024 से पूर्व का है जिसके संपादित अंश दिखाई जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सांसद हेमा मालिनी का कहना है कि श्री बांके बिहारी कॉरिडोर निर्माण प्रकरण सर्वोच्च न्यायालय के अंतर्गत लंबित है। इसलिए कॉरिडोर का निर्माण होना या न होना सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश अनुसार होगा। सांसद का कहना है कि मैं बृजवासियों के प्रति पूर्ण रूप से श्रद्धा का भाव रखती हूं और मेरे द्वारा किसी भी बृजवासी के प्रति प्रतिकूल नहीं बोला गया है।

### चोरी के 1.52 लाख रूपये के साथ तीन चोर पकड़े

**थाना शेरगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**मथुरा।** थाना शेरगढ पुलिस टीम व स्वॉट टीम की संयुक्त कार्यवाही में तीन अभियुक्तों को चोरी किये गये माल (कुल 1,52,000 रूपये, तीन अदद मोबाइल फोन, एक आधार कार्ड) व दो तमंचे .315 बोर व दो जिन्दा कारतूस .315 बोर, एक अदद अवैध छुरा के साथ गिरफ्तार किया है। थाना शेरगढ पुलिस व स्वाट टीम द्वारा लक्ष्मीनारायण उर्फ बत्तन पुत्र नन्दलाल निवासी नर्गदा जंग सिंह थाना बेलघाट जिला गौरखपुर, करमपाल उर्फ कर्मपाल उर्फ चिरागन पुत्र राजमन निवासी नर्गदाजंग सिंह थाना बेलघाट जिला गौरखपुर उम्र करीब 18 वर्ष 6 माह व निखिल उर्फ बन्टी पुत्र लालचन्द निवासी नर्गदा जंग सिंह थाना बेलघाट जिला गोरखपुर उम्र करीब 20 वर्ष को छाता रोड पर बनी तुलाराम की बन्द पडी धर्मशाला थाना शेरगढ मथुरा से शनिवार को रात्रि गिरफ्तार किया गया। 29 जून की रात्रि मे अज्ञातों द्वारा नौहझील रोड शेरगढ पर स्थित अंग्रेजी शराब व बीयर ठेके से 2,90,000 रुपये व कुछ शराब की बोतल चोरी की गयी थी। घटना के अनावरण के लिए किये गये प्रयासो के फलस्वरुप लक्ष्मीनारायण उर्फ बत्तन, करमपाल उर्फ कर्मपाल उर्फ चिरागन, निखिल उर्फ बन्टी को घटना मे चोरी गये रुपयो में से 1,52,000 रुपये नकद व अन्य के साथ गिरफ्तार किया है। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार थाना शेरगढ, निरीक्षक छोटेलाल प्रभारी स्वाट टीम, एसआई सन्दीप सिंह, उप निरीक्षक अंकित शर्मा थाना शेरगढ़ आदि थे।

### डीएम व एसपी ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा तिल व मोटे अनाज का मिनीकिट किया वितरित



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने तहसील चायल में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा तिल एवं मोटे अनाज का मिनीकिट वितरित किया। इस अवसर पर उप निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई, जिससे कृषि लागत को कम करते हुए अधिक आय प्राप्त की जा सके तथा रासायनिक उर्वरकों से मृदा को बचाया जा सके।

## सिलापथार के पत्रकार मधुर्या शैकिया पर हमला करने के आरोप में चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**● बेरहमी से हमला किया गया पत्रकार सैकिया को डिब्रुगढ़ के एक निजी अस्पताल किया भर्ती।**



स्वतंत्र प्रभात

**धेमाजी असम–** 6 जुलाई। गत 4 जुलाई को धेमाजी जिले की डिमो में नव गठित सीमेन सीसी टंगानी विकास खंड के कार्यालय में विकास खंड के अंतर्गत पंचायतों के पंचायत प्रधान चयन एवं शपथ ग्रहण के लिए दिन निर्धारित किया था। दुपहर तक शांतिपूर्ण ढंग से चार पंचायतों की शपथ ग्रहण हो चुका था, ख़बर अनुसार डिमो पंचायत के 6वें वार्ड सदस्य की सहमति से मरमी बसुमतारी को पंचायत का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। लेकिन तब एक अफ़वाह फैलाया गया कि

पंचायत सदस्य बिपुल ताये को बदमाशों के एक समूह ने अगवा कर लिया तबी माहौल को गर्मागर्म होने लगी और पंचायत गठन कार्य स्थगित करना पड़ा। इसी दौरान मोबाइल से फूटेज ले हरि सिलापथार के प्राग न्यूज के पत्रकार मधुर्या शैकिया के मोबाइल छीन लिया और एक बदमाशों की दल ने हमला कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल से माधुर्य को उद्धार कर सिलापथार थाने ले आया, थाने में माधुर्ज्य ने एक स्थानीय छात्र संगठन टी एम पि के की दो नीता के कहने पर सैकिया के उपर हमला हुए कहकर एक मामला दर्ज कराया।

घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद कल रात को सिलापथार पुलिस ने अरुण चुंगक्रांग, रंजीत इयन, विजय पेगु और चिलचिलाई मिलि को धेमाजी सदर थाने में पूछताछ के लिए लाया गया। दूसरी ओर माधुर्य को आक्रमण करने की आरोप में पूछताछ के लिए धेमाजी सदर थाने में लाया गया लोगों की परिवारों के लोगों का कहना है कि घटना की दिन उपर में नाम उल्लेखित कई भी घटना स्थल में मौजूद नहीं था पुलिस ने गत रात को घरों में से उठा लाया। अब पुलिस की जांच पड़ताल के बाद ही असली हमलावार आरोपियों के नाम सामने आएगा। खबर लिखते वक्त चारों आरोपी को धेमाजी पुलिस ने स्वास्थ्य परीक्षा कराने के लिए धेमाजी सिविल हॉस्पिटल में ले जाते दिखाई दिए।

## प्रथम आम महोत्सव अलंकृत उद्यान पार्क में फीता काटकर उद्घाटन किया गया

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** प्रथम महोत्सव के अवसर पर मा0 जनप्रतिनिधिगण द्वारा विभिन्न स्टाल/प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। विभिन्न प्रजाति के आम के फल, पौधे, आम से बने सामग्री, आदि का स्टाल एवं इसके साथ ही विभिन्न बैंकों द्वारा लगाये गये स्टाल को देखकर मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रशंसा की गयी।प्रथम आम महोत्सव का विधायक बांसी श्री जय प्रताप सिंह, विधायक कपिलवस्तु श्री श्यामधनी राही, सदस्य विधान परिषद, उ0प्र0 श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 आर0 एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री बलराम सिंह द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा मा0 जनप्रतिनिधिगण को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया मा0 विधायक बांसी श्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि जनपद में प्रथम बार आम महोत्सव का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया है। इस आम महोत्सव से जनमानस में जागरूकता बढ़ेगी। इसके साथ ही आम की विक्री होने से किसानों की आमदनी बढ़ेगी। वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है लोग माँ के नाम एक पेड़ अवश्य लगाये। जिन किसान भाईयों के पास भूमि अधिक है आम का पेड़ लगाये। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के वृक्ष पीपल, सहजन, पाकड़, बरगद, नीम आदि के पेड़ लगाये। इससे हमारा वातावरण शुद्ध रहेगा। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में पहली बार क्रेता विक्रेता सम्मेलन का आयोजन कराया गया था। अब प्रथम आम महोत्सव का भी आयोजन किया गया है।मा0 विधायक कपिलवस्तु श्री श्यामधनी राही ने प्रथम आम महोत्सव के अवसर पर जिला प्रशासन को बधाई दिया। जिलाधिकारी की आम मोत्सव के आयोजन एक सराहनीय पहल है। कल मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेश स्तर पर आम महोत्सव का उद्घाटन किया गया। आज सिद्धार्थनगर में आम महोत्सव का शुभारम्भ हो रहा है। जो 02 दिन तक चलेगा। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने कहा कि इस आम महोत्सव से जनपद में आम की बागवानी बढ़ेगी। मेरा प्रयास होगा कि आम महोत्सव प्रतिवर्ष मनाया जाए। जिससे यहां के किसानो की आय दोगुनी हो। आज 02 प्रतियोगिता का भी आयोजन होना है। जिसमें सबसे अधिक आम खाने की प्रतियोगिता तथा दूसरा महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ आम उत्पादन, आम से बनी सामग्री होगा उसे पुरस्कार दिया जायेगा।

इस अवसर पर उपरोक्त सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एस0पी0अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौर श्रीवास्तव, पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला उद्यालन अधिकारी नन्हे लाल वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार, उपकृषि निदेशक राजेश कुमार, व अन्य सम्बनित अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे, किसान व्यापारी आदि उपस्थित थे।

## 24 घंटे में सड़क पर गई पांच लोगों की जान

**● कोसीकलां में तीन ट्रक टकराए चालक की मौत, दूसरा घायल**

**फरह में कोल्ड स्टोर से लौटते बाइक सवार की मौत**

**बाजना कट पर डीसीएम ट्रक से टकराई 1 की मौत दो घायल**

**राया में बाइक सवार फूफा-भतीजे को अज्ञात वाहन ने कुचला**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** जनपद में चौबीस घंटे में सडक पर पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। तीन थाना क्षेत्रों में अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में फूफा भतीजा सहित पांच लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। बीती रात गुरुग्राम से मोटरसाइकलों को ट्रोला में लोड करके गांव सकतपुर हरदोई निवासी टीकाराम राष्ट्रीय राजमार्ग पर जा रहा था। हाइवे 19 पर कोसीकलां के कोटवन चौकी के समीप रात को आगे चलते ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। उसके पीछे चल रहा ट्रक सामने वाले ट्रक से टकरा गया। इस ट्रक के पीछे चल रहे टीका राम ने जब अचानक सामने चलते ट्रक को रुकते देखा तो उसने भी गाड़ी को ब्रेक लगाने का प्रयास किया, लेकिन इससे पहले टीकाराम की गाड़ी आगे चल रहे ट्रक में बुरी तरह से घुस गई। जिसके चलते स्टेरिंग पर बैठा टीकाराम की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दूसरे ट्रक के के घायल चालक को निकाल कर हास्पिटल पहुंचा दिया। मृतक टीका राम के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दूसरी दुर्घटना थाना फरह के बेरी गांव के इलाके में हुई। गांव नगला चाहर थाना मर्गोरा निवासी युवक कुशल कल दोपहर को बाइक से कोल्ड पर किसी चीज की जानकारी करने के लिए गया था। बताया गया कि गांव लौटने के दौरान उसकी बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में कुशल बुरी तरह से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रुप से घायल को इलाज के लिए एसएन मेडिकल कालेज आगरा भेज दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान रात में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना नौहझील के बाजना कट के समीप कानपुर से नोएडा के लिए जाती डीसीएम किसी ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना में चालक की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। गांव दौलतपुर जनपद इटावा का रहने वाला युवक पंकज कानपुर से डीसीएम में माल लोड कर नोएडा के लिए जा रहा था। रास्ते में यमुना एक्सप्रेस वे पर नौहझील के बाजना कट पर किसी वाहन ने डीसीएम को टक्कर मार दी। दुर्घटना में डीसीएम चला रहे पंकज की मौके पर ही मौत हो गई। डीसीएम में सवार उसका रिश्तेदार नीलेश और गांव का अनुज घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने पकंज के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना राया की बिचपुरी चौकी के समीप पूजा में शामिल होने के लिए बाइक से आते फूफा भतीजे को किसी वाहन ने कुचल दिया। बताया गया कि गांव रामपुरजनपद जेवर निवासी हरकेश नोएडा की शिवराम कपंनी में सर्विस करता था। उसका भतीजा प्रमोद भी नोएडा सेक्टर 35 में किसी कंपनी में काम करता था। गांव परसा गढ़ी थाना राया में पूजा का कार्यक्रम था। दोनों बाइक से से पूजा मे शामिल होने के लिए गांव आ रहे थे। रास्ते में चौकी बिचपुरी के समीप किसी वाहन ने बाइक को रौंद दिया। जिसके चलते दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों की मौत का पता लगने पर घर में खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## किसानों ने काली पट्टी बांध कर किया प्रदर्शन

**● किसानों की मांग है कि नगर निगम के रेट पर मिले मुआवजा**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** मथुरा ब्लॉक के गांव कोटा मौजा में रेलवे द्वारा की जा रही किसानों की भूमि अधिग्रहण के विरोध में भारतीय किसान यूनियन सुनील का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 19 वे दिन भी जारी रहा। धरना प्रदर्शन में किसानों ने काली पट्टी बांधकर रेल अधिकारियों के खिलाफ काला दिवस मनाया। भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने बताया कि धरना स्थल पर बुजुर्ग किसान पंडित नरोत्तम शर्मा जो 19 दिन से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं। भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी, महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि अनिश्चितकालीन आंदोलन को 19 दिन हो चुके हैं लेकिन रेलवे के अधिकारी व जिला प्रशासन के अधिकारी किसानों की बात सुनने को तैयार नहीं हैं। भीषण गर्मी में बरसात में किसान धरना स्थल से नहीं हट रहे। अगर किसानों की जमीन एग्रीकल्चर रेट में जाती हैं तो कोटा मौजा गांव का किसान पूर्ण रूप से बर्बाद हो जाएगा। रेलवे के अधिकारी धरना स्थल पर आकर किसानों से बात करने को तैयार नहीं है। जिला प्रशासन ने अपने हाथ खड़े कर दिये हैं। यह मामला प्रदेश सरकार के हाथ में है जब तक नगर निगम के सर्किल रेट का पैसा नहीं मिल जाता तब तक एक इंच जमीन रेलवे को नहीं देंगे कोटा मौजा गांव के किसान कोटा मौजा मथुरा वृंदावन नगर निगम में आता है तो किसानों को नगर निगम के सर्किल रेट के हिसाब से ही मुआवजा दिया जाए। 10 जुलाई के बाद सड़कों पर उतरकर रेलवे विभाग के खिलाफ बड़ा



काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करते किसान।

आंदोलन होगा। छह जुलाई को दिन में 12 बजे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में रेलवे व जिला प्रशासन की बुद्धि शुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ होगा। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से अनिल शर्मा धीरज शर्मा मानिक चंद ख्यालीराम गोपीचंद चंद्रभान चंद्रपाल भूपेंद्र अनिल विनोद गिरिराज लक्ष्मण प्रसाद अनीता सुनीता मालती देवी सविता जसोदा रामवती पुष्पा देवी सरोज कविता गुड्डी राजेश्वरी सहित दर्जनों महिला पुरुष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में मौजूद थे।

## 43 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सिद्धार्थनगर द्वारा एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत किया गया वृक्षारोपण

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थ नगर** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सिद्धार्थनगर के मुख्यालय में श्री उज्जल दत्ता, कमांडेंट 43 वीं वाहिनी के निर्देशानुसार श्री सारंग चौहान, उप कमांडेंट के नेतृत्व में वाहिनी में उपस्थित कार्मिको द्वारा एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया पर्यावरण हमारे दैनिक जीवन से सीधा संबंध रखता है पौधे जल चक्र को संतुलित करने में मदद करते हैं, जिससे वर्षा और जल संचयन में सुधार होता है, पौधे मिट्टी को स्थिर रखने में मदद करते हैं, जिससे मिट्टी का क्षरण रुकता है, वृक्ष जैव विविधता को बनाए रखने में मदद करते हैं, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बना रहता है और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मदद मिलता है। अतः हम सभी का कर्तव्य है कि वृक्षारोपण करना, वृक्षों को सहेजना, जलवायु प्रदूषण रोकना, स्वच्छता रखना आदि जैसे महत्वपूर्ण कार्यो को अपने दिनचर्या में शामिल कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें। इसी उद्देश्य से बल मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल के निर्देशानुसार 43 वीं वाहिनी द्वारा इस वर्ष कुल 9000 पौधे रोपित किया जाना है जिसका शुभारंभ आज वाहिनी के अधिकारियो और कार्मिको द्वारा वाहिनी परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्य निर्वहन करने का एक सफल प्रयास किया गया।

## वृंदावन में परिक्रमा मार्ग का नगर आयुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** ब्रज नगरी वृंदावन में हर समय श्रद्धालुओं की भरमार रहती है इसलिए सरकार की प्राथमिकता वृंदावन पर रहती है। बांकेबिहारी की नगरी में परिक्रमा मार्ग का नगर आयुक्त जग प्रवेश ने गुरूवार को निररीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने कहा कि बांकेबिहारी की नगरी में रोजाना हजारों की संख्या में देश विदेश से श्रद्धालुओं एवं परिक्रमार्थियों आते है, अपने अधीनिस्त चेतावनी देते हुए कहा कि इस नगरी में आने वाले किसी भी श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

निरीक्षण के दौरान परिक्रमा मार्ग पर स्वच्छता, जल निकासी, अस्थायी अतिक्रमण, प्रकाश व्यवस्था, दीवारों की पेंटिंग, खाली प्लॉटों की स्थिति, सीवर लाइन, पेयजल और बैठने की



नगर आयुक्त जग प्रवेश ने अधिनस्थों के साथ परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण करते हुए।

व्यवस्था जैसी नागरिक सुविधाओं को लेकर समीक्षा की गई। रेलवे क्रॉसिंग के पास व्यू कटर की स्थापना और सड़क समतल करने के अवर अभियंता निर्माण को निर्देश दिए गए। कुछ स्थानों पर खुले नाले मिले, जिन्हें ढकने के लिए स्लैब लगाने के लिए भी आदेश दिए। स्थानीय नागरिकों द्वारा मार्ग में बनाए गए चबूतरे, रैम्प आदि को अतिक्रमण मानते हुए उन्हें हटवाने के निर्देश देते हुए कहा कि जो श्रद्धालु परिक्रमा के समय 10-00 बैठने के लिए कोई इच्छा करता है तो उनके लिए बैठने की व्यवसथा भी करायी जाए। अपर नगर आयुक्त सी0पी0 पाठक, सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक, अधिशाषी अभियंता जल राम कैलाश, सहायक अभियंता जल नंद किशोर, अवर अभियंता निर्माण अरुण कुमार, राजस्व निरीक्षक मुकेश सिंह, जोनल स्वास्थ्य अधिकारी महेश चन्द, सुभाष कर्मचारी मौजूद थे।

## मुडिया मेला गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में बढने लगी भी

**● मुड़िया पूर्णिमा मेला में श्रद्धालुओं को मिलेगा स्वच्छ वातावरण**

**जिलाधिकारी ने दानघाटी मंदिर के आस पास तथा गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर किया श्रमदान**



जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह गोवर्धन में झाड़ू लगाकर सफाई का संदेश देते हुए।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** चार जुलाई से गोवर्धन में मुड़िया मेला शुरू हो गया है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने गोवर्धन में डेरा डाल दिया है। सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद किया गया है। साथ ही साफ सफाई को लेकर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बसें गोवर्धन की ओर चल पडी है। बसों में यात्रियों का दबाव बढने लगा है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने सौख स्थित महमदपुर चौराहा तथा दानघाटी मंदिर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने प्लास्टिक मुक्त ब्रज की रज अभियान को आगे बढ़ते हुए शनिवार को गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलाया। उन्होंने स्वयं झाड़ू से परिक्रमा मार्ग की सफाई की तथा आस पास के क्षेत्र में फैले कूड़े को एकत्रित करते हुए साफ सफाई की। जिलाधिकारी ने दुकानों, मंदिरों, कुंडों, घरों, होटलों, आश्रमों आदि के आस पास सफाई की। उन्होंने ब्रज को प्लास्टिक मुक्त





गोवर्धन परिक्रमा लगाने के लिए पहुंच रहे लोग।

करने के उद्देश्य से चलाया विशेष सफाई अभियान। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक न केवल वातावरण को नुकसान देती है बल्कि, इसके सेवन से पशु भी बीमार हो रहे है। जिलाधिकारी ने सभी से आवाह्न किया कि अपने दुकानों, मंदिरों, कुंडों, घरों, होटलों, आश्रमों आदि के सामने तथा आस पास सफाई रखे एवं डस्टबिन का प्रयोग करे। जिलाधिकारी ने सभी को सफाई के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध मुड़िया पूर्णिमा मेला में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों, पर्यटकों तथा आम जनमानस को स्वच्छ परिक्रमा मार्ग का अनुभव होगा। पवित्र मुड़िया पूर्णिमा मेला में श्रद्धालुओं के सुविधाओं का विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा प्रशासन बेहतर से बेहतर व्यवस्था उपलब्ध करने के लिए प्रतिबद्ध है। सफाई अभियान में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार सिंह, तहसीलदार गोवर्धन मनीष कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल सहित स्थानीय लोगों व माननीय जनप्रतिनिधियों ने सफाई की।

## भरतिया मे क्षतिग्रस्त की अंबेडकर प्रतिमा, ग्रामीणों में आक्रोश

**● दो वर्ष पूर्व आंबेडकर शोभायात्रा के दौरान भी हुआ था विवाद**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र के गांव भरतिया में आंबेडकर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों ने एक नामजद युवक पर प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया है। घटना को लेकर ग्रामीणों नाराजगी को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। वहीं तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक नामजद व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह भी बताया जा रहा है कि घटना कारित करने वाला व्यक्ति सीसीटीवी में आ रहा है। थाना जैंत क्षेत्र के गांव भरतिया में आंबेडकर प्रतिमा लगी हुई है। आरोप लगाया जा रहा है कि प्रतिमा को गांव के ही युवक ने क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह क्षतिग्रस्त प्रतिमा देखकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई और इस का विरोध किया। इस संबंध में ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सीओ सदर संदीप कुमार सिंह, थाना प्रभारी जैंत अश्वनी



क्षतिग्रस्त अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर मौजूद ग्रामीण एवं पुलिसकर्मी।

कुमार, थाना प्रभारी वृंदावन प्रशांत कपिल भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों आरोपी के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पुलिस के सामने खड़े रहे। पुलिस ने समझा बुझाकर लोगों को शांत कराया। प्रधान प्रतिनिधि की तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पिछले दो वर्ष से थाना जैंत क्षेत्र के गांव भरतिया में आंबेडकर शोभायात्रा को लेकर दो समुदाय में विवाद बना हुआ है। दो वर्ष वर्ष पूर्व अनुसूचित जाति के लोगों द्वारा शोभायात्रा निकालने को लेकर सवर्ण समाज के लोगों ने विरोध कर दिया था। जिसमें देखते ही देखते दोनों समुदाय की तरफ से पथराव होने लगा था। जिसमें सवर्ण समाज के लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज हुआ था। तत्कालीन जैंत थाना प्रभारी अरुण पंवार व उपनिरीक्षक शैलेन्द्र शर्मा मामले में लाइन हाजिर हुए थे। रालोद नेता कुंवर नरेंद्र सिंह के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ था। आंबेडकर प्रतिमा पर दोनों समुदाय ने माल्यार्पण किया था। उसके बाद शोभायात्रा पर पुलिस बल तैनात रहा। शुक्रवार रात्रि सवर्ण समाज के युवक द्वारा प्रतिमा क्षतिग्रस्त की सूचना के बाद पुलिस के हाथ पांव फूल गए। सीओ सदर दो थानों के फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। उधर ग्रामीण नई प्रतिमा लगवाने की जिद पर अड़े हुए हैं। सीओ सदर संदीप कुमार सिंह ने बताया गांव भरतिया थाना जैंत निवासी कान्हा पुत्र तारा व तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### प्रधानमंत्री आवास व गैस सिलेंडर की मांग

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के खरगबरवां गांव निवासी एक व्यक्ति शनिवार को नौतनवां सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को पत्र देकर प्रधानमंत्री आवास व गैस सिलेंडर की मांग किया है। नौतनवा ब्लाक के खरगबरवां निवासी रामचन्दर पुत्र बीपत ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को दिए पत्र में लिखा है कि वह बहुत गरीब है ऐसे में आज तक न तो उसे प्रधानमंत्री आवास मिला है और न ही गैस सिलेंडर मिला है। आरोप है कि आवास व गैस सिलेंडर की मांग को लेकर वर्षो से वह सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देता आ रहा है लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है।